प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

5 जनवरी 2025

## बेंगलुरु में आयोजित आरबीआई@90 अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र बैडमिंटन टूर्नामेंट

राष्ट्र के प्रति अपनी सेवा के 90वें वर्ष के अवसर पर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 2 - 5 जनवरी 2025 के दौरान बेंगलुरु में आरबीआई@90 अखिल भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी की। यह टूर्नामेंट 7 प्रारूपों में खेला गया: पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल, मिश्रित युगल, पुरुष टीम और महिला टीम।

टीम चैंपियनशिप इवेंट में 15 सार्वजनिक क्षेत्र संस्थानों की टीमों ने भाग लिया जिनमें कोल इंडिया लिमिटेड, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम, ऑयल इंडिया लिमिटेड, भारत संचार निगम लिमिटेड, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारतीय खाद्य निगम, न्यू इंडिया एश्योरेंस लिमिटेड, एनएलसी इंडिया लिमिटेड, केंद्रीय भंडारण निगम और भारतीय रिज़र्व बैंक शामिल थे। मैचों में लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस आयोजन की शुरुआत 2 जनवरी 2025 को उद्घाटन समारोह के साथ हुई जिसमें टीमों और खिलाड़ियों का परिचय करवाया गया। टीम चैंपियनशिप के लिए फाइनल मैच 3 जनवरी 2025 को खेले गए, तथा एकल, युगल और मिश्रित युगल के लिए फाइनल मैच 5 जनवरी 2025 को खेले गए।

श्री टी. रबी शंकर, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 3 जनवरी 2025 की शाम को आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में टीम चैम्पियनशिप मैचों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। 5 जनवरी 2025 को आयोजित समापन समारोह के दौरान पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में एकल, युगल, मिश्रित युगल के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

फाइनल मैचों के परिणाम इस प्रकार हैं:

- पुरुष टीम चैम्पियनशिप:
  - विजेता - भारतीय रिज़र्व बैंक
  - उप- विजेता - ऑयल इंडिया लिमिटेड

- महिला टीम चैम्पियनशिप:
  - विजेता - भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
  - उप- विजेता – भारतीय खाद्य निगम
- पुरुष एकल:
  - विजेता - किरण जॉर्ज (भारतीय रिज़र्व बैंक)
  - उप- विजेता – भार्गव एस (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण)
- महिला एकल:
  - विजेता – अनमोल खर्ब (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण)
  - उप- विजेता – मालविका बनसोड़ (भारतीय रिज़र्व बैंक)
- पुरुष युगल:
  - विजेता – अंजन बुरागोहाइन और रंजन बुरागोहाइन (भारतीय रिज़र्व बैंक)
  - उप- विजेता – शिवम शर्मा और सुंजीथ एस (भारतीय रिज़र्व बैंक)
- महिला युगल:
  - विजेता – गायत्री रावत और मानसी रावत (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण)
  - उप- विजेता – प्रिय कोंजेंगबन और रितिका ठाकर (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण)
- मिश्रित युगल:
  - विजेता - सुंजीथ एस और मनीषा के (भारतीय रिज़र्व बैंक)
  - उप- विजेता – नितिन एच वी और रितिका ठाकर (भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण)

टूर्नामेंट के प्रमुख मैचों का भारतीय रिजर्व बैंक के यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया।

**(पुनीत पंचोली)**

मुख्य महाप्रबंधक

प्रैस प्रकाशनी : **2024-2025/1856**